तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

12 गुजर रही थी झोपड़ी में जिंदगी, अब पक्का ...

14 नपं अध्यक्ष व पार्षद ने खाई दवा कहा- इससे...







## खबर संक्षेप

### अमात गोंड़ समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 5 किमी दूर ग्राम बरदुला में अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज का वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन 2 मार्च को आयोजित किया गया है। इस दौरान सम्मेलन में समाज के विकास और उत्थान के लिए चर्चा किया जायेगा।

### फिंगेश्वर जनपद के निर्वाचित 24 जनपद सदस्यों की सूची जारी

**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अधिन 24 जनपद क्षेत्र के 24 जनपद सदस्य निर्वाचित हुए है जिनकी सूचि जनपद पंचायत द्वारा क्षेत्र क्रमांक के अनुसार जनपद सदस्यो के नाम का उल्लेख किया गया है। सतीश कुमार यादव, डॉ. दिलीप साहू, मंजू कमलेश साहू, चम्पेश्वरी चोवाराम ध्रुव, माधुरी देवनाथ ध्रुव, डॉ. टायल राम साहू, रूखमणी सिन्हा, प्रेमिन मिथलेश ध्रुव, नंदू राम यादव, उमा राधेश्याम साहू, रोशन कुमार डहरिया, मंजू दिनेश साहू, राधेश्याम साहू, रामेश्वरी चंद्रिका कुर्रे, नीतू चित्रसेन साहू, गोदावरी लेखराम साहू, नीता सोहन लाल साहू, हीरामणी हुलास साहू, सीमा शर्मा, इन्द्राणी नेहरू साहू, आशीष पाण्डे, हेमंत (बबलू) साहू, जितेन्द्र साहू , पूजा मुकेश भारती हैं। जनपद अध्यक्ष पद को लेकर जनपद सदस्यों का गुना भाग प्रारंभ है।

### फंदे से लटका मिला 80 साल के वृद्ध का शव

**छुईहा बेलर।** ग्राम सिर्रीखुर्द में 24 फरवरी को 80 वर्षीय एक वृद्ध का शव पेड़ में फांसी की फंदे पर लकटते मिला जिसे सुबह घर वालों ने देखा। मृतक का नाम कार्तिक राम साहू है। मृतक धार्मिक प्रवृति का था। विगत 20 साल से सुबह चार बजे रामनाम प्रभात फेरी उसके बाद रामायण पाठ में प्रतिदिन शामिल होता था। पुलिस को मृतक के परिवार ने बताया कि हर दिन की तरह रात तीन बजे उठा और रामनाभ प्रभात फेरी और रमायण पाठ में जाने की बात कह कर घर से निकला। उसी सुबह उनकी शव पेड से फंदे पर लटकते मिला। पुलिस थाना फिंगेश्वर को सूचना देने पर घटना की मर्ग कायम कर जांच में लिया है। इस घटना पर पूर्व सरपंच टिकेश साहू के साथ ग्रामीणों ने कहा की 80 वर्ष का असहाय वृद्ध 15 फीट पेड़ पर कैसे चढ़ सकता है। जिस पर संदेह व्यक्त किया है और जांच की मांग की है। फिंगेश्वर थाना एसआई चिता राम देशमुख ने कहा की देखने पर आत्महत्या प्रतीक हो रहा है। वहीं पुलिस जांच में जुट गई है।

कार्यक्रम : जनता और पुलिस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने सिविक एक्शन कार्यक्रम मील का पत्थर

# स्वस्थ व्यक्ति शिक्षा के माध्यम से समाज की हर बुराई को जड़ से खत्म कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- एक माह पहले जहां 1 करोड़ का इनाम नक्सली मारा गया था उसी क्षेत्र में पहुंचे सैड़कों ग्रामीण
- सीआरपीएफ - 65वीं बटालियन द्वारा 500 से ज्यादा ग्रामीणों को शॉल, कंबल, साड़ी किया वितरण

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ वनांचल में बसा कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में लगभग एक माह पूर्व 1 करोड़ के ईनामी नक्सली जयराम चलपति एवं 16 नक्सलियों को पुलिस बल द्वारा ढेर किया गया था और पूरे प्रदेश में एक बड़ी सफलता मिली थी। शुक्रवार को इस वनांचल क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट आश्रम मैदान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ - 65 यंग प्लाटून द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने कुल्हाड़ीघाट, कठवा, भालुडिग्गी, ताराझर, मटाल, राजाडेरा, बेसराझर क्षेत्र के ग्रामों से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, ग्रामीण स्कूली बच्चे पहुंचे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 65वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी रणविजय मिश्रा, सीआरपीएफ के कमांडेट सुधीर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनुभव गोड़, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी निकिता ध्रुव, एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल सिंह, निरीक्षक जीडी अच्छेलाल, उपनिरीक्षक जीडी हरिश कौशिक, डॉ. सुमन बागची, सरपंच बनसिंह सोरी एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान लगभग 500 से ज्यादा ग्रामीणों महिला पुरुष को कपड़ा, चद्दर, कंबल, गर्म कपड़े, जूता मोजा, कृषि औजार, बर्तन, स्कूली बच्चों को बैग, पानी बाटल व जरूरत की सामाग्री वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 65वीं वाहिनी द्वितीय कमान अधिकारी रणविजय मिश्रा ने कहा की सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन जनता और पुलिस के बीच मैत्री संबंध स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इस बात का शानदार उदाहरण है कि जब हम सब मिलकर हमारे समाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ आ जाते हैं तो किसी भी समस्या का समाधान असंभव नजर नहीं आता व किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इस तरह के आयोजन के जरिए हम ग्रामीणों को जरूरी सेवाएं और सहायता प्रदान करने में सक्षम हुए है यह सार्वभौमिक सत्य है कि स्वस्थ्य व्यक्ति ही शिक्षा के माध्यम से समाज की हर बुराई को जड़ से खत्म कर सकता है स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने से लेकर छात्रे को शैक्षणिक सामाग्री वितरण करने और जरूरतमंदो को अन्य सहायता प्रदान करने तक यह कार्यक्रम कई लोगों के लिए आशा की किरण बनता जा रहा है।





### 400 लोगों का इलाज कर दी दवा

श्री रणविजय मिश्रा ने आगे कहा की यह हमें याद दिलाता है कि एक सकारात्मक बदलाव लाने में हम सभी की भूमिका बहुत जरूरी है तथा हमारे द्वारा आज शुरू की गई यह छोटी सी पहल निसंदेह समाज में एक दिन बड़ी बदलाव लायेगी। इस दौरान सिविक एक्शन के तहत चिकित्सा शिविर में 400 लोगो का निःशुल्क ईलाज कर उन्हे दवा वितरण किया गया। लोगों के चहरे में एक अजीब सी खुशी देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच धनमोति सोरी, मनुराम नेताम, जयराम नेताम, दुकालुराम सोरी, सुनाराम सोरी, लखमी बाई, दुलेश्वरी नागेश, पदमन नेताम, सुखराम नागेश, चमारसिंह सोरी, रतिराम नेताम, रामलाल सोरी, रामधर सोरी, निराबाई नेताम, राजेश साहू, एतवारी नेताम, गंगाराम नेताम, सुकमोतिन बाई, तिहारिन बाई, बरनुराम नेताम, रामचरण नेताम, वासुदेव, लोचन सोरी, गोपीराम, लखमुराम, आसमोतिन, मंजू वर्मा, बरनसिंह जगत, निलिमा नागेश, डॉ संगीता कौशिक, प्रिया वर्मा, डॉ सुमन बागची, मोहन ठाकुर, संतराम गेंडरे, मेशकुमार निषाद, बालाराम ध्रुव, प्रेमलाल बघेल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# रेलवे से प्रभावित खोलीपारा वार्ड में फाटक निर्माण पर कराया ध्यानाकर्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- संभागीय रेल परामर्शदात्री समिति के प्रथम बैठक में सम्मिलित हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर रायपुर रेल्वे मण्डल में सलाहकार समिति के सदस्य बनाएं पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल रेल्वे बोर्ड द्वारा आयोजित संभागीय रेल परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रायपुर रेल्वे मण्डल के महाप्रबंधक दयानन्द से मुलाकात कर राजिम रेल्वे से जुड़ी विभिन्न समस्याओं व प्रश्नों पर अपनी बाते उनके समक्ष रखी और उनसे इनका जवाब मांगा जिस पर श्री गोयल के सभी बातों को गंभीरता से सुनने के बाद बोर्ड के अधिकारी ने उनके प्रश्नों का लिखित में जवाब दिया। पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल द्वारा राजिम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य से सबसे ज्यादा प्रभावित खोलीपारा, शिक्षक कॉलोनी वार्ड क्रमांक 2 में आवागमन के लिए रास्ता खोलने एलसीएआर-11 फाटक निर्माण की बात रखी जिससे लगभग तीन सौ परिवारों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त एआर-12 में ओवर ब्रिज / अंडर ब्रिज का निर्माण कब तक होने की सम्भावना, राजिम रेलयार्ड ▶▶| शेष पेज 12 पर

# गरियाबंद में कांग्रेस का प्रदर्शन, ईडी और भाजपा के खिलाफ पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



प्रदेशभर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने शनिवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गरियाबंद में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी के नेतृत्व में तिरंगा चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और ईडी का पुतला दहन कर विरोध जताया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस नेताओं को ईडी का डर दिखाकर दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बस्तर में लोहा निकालने के लिए फैक्ट्री लगाने जा रही है, जिसका विरोध कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कवासी लखमा, दीपक बैज और अन्य नेता कर रहे थे। इसी कारण, भाजपा ने ईडी के सहारे कवासी ▶▶| शेष पेज 12 पर




# 10वीं की परीक्षा कल से 2403 विद्यार्थी होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- फिंगेश्वर में 18 एवं अभनपुर में 24 परीक्षा केंद्र बनाएं गए



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वी एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हों गई है। 1 मार्च से कक्षा 12 वीं के हिन्दी पेपर से बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। कक्षा 10 की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए सुबह 9 से 12.30 तक का समय निर्धारित है। अभनपुर विकासखंड अधिकारी धनेश्वरी साहू ने बताया कि अभनपुर विकासखंड में 24 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। जहां कक्षा 12 वीं में 2562 छात्र पंजीकृत है। जिनमें 2445 छात्रों परीक्षा में उपस्थित रहे।

वही कक्षा 10वीं में 3526 छात्र पंजीकृत है। फिंगेश्वर विकासखंड में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए है जिसमें कक्षा 12 में 1647 विद्यार्थी पंजीकृत है एवं कक्षा 10वीं में 2403 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। फिंगेश्वर विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने बताया कि फिंगेश्वर विकासखंड में कुल 4050 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला प्रशासन द्वारा एसडीएम एवं तहसीलदार के नेतृत्व 2 उड़नदस्ता टीम बनाई गई है जो विभिन्न परीक्षा केंद्रों निरीक्षण करेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 1 मार्च से 28 मार्च तक कक्षा 10वी एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह का चुनाव 9 को




**राजिम।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उपसमिति राजिम के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए महासभा द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त कृष्णा राजपूत के नेतृत्व में विभिन्न उपसमितियां का प्रथम चरण में उपसमिति राजिम का चुनाव संपन्न होना है। 2 मार्च को नामांकन व 9 मार्च को मतदान होगा। उपसमिति के सचिव बैकुंठ सिंह द्वारा अधिक से अधिक लोगों को इस निर्वाचन कार्यक्रम में सम्मिलित होने आग्रह किया गया है। उक्त दोनों कार्यक्रम श्री राजीव लोचन मंदिर के पास सरस्वती शिशु मंदिर मे होगा।

**खबर संक्षेप**

**पेज 11 के शेष**

### रेलवे से प्रभावित...

से कौन कौन सी और किन दिशाओं में पेसेंजर ट्रेन चलने, यात्रियों की सुविधा के लिए रिजर्वेशन काउंटर का प्रावधान, जलपान गृह (कैंटीन) खोलने व राजिम रेलयार्ड में गुड शेड निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण होने की बाते शामिल थी जिस पर रेल्वे बोर्ड की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि नयी लाइन या अमन परिवर्तन परियोजना के लिए रेल फाटक का निर्माण प्रतिबंधित है। एलसीएआर-11 को रेल पटरी के बांए तरफ से वर्तमान रोड के उन्नत करके एआर-12 में जोड़ने का प्रस्ताव की जानकारी दी गई इससे आवागमन में सुविधा रहेगी, इसके अतरिक्त उनके अन्य सवालों के जवाब देते हुए राजिम में गुड शेड निर्माण कार्य वर्ष 2026-2027 तक पूर्ण हो जाने की जानकारी दी। इस दौरान श्री गोयल ने राजिम क्षेत्र की मांग को उनके समक्ष रखते हुए हर क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने की मांग की जिस ओर बोर्ड के अधिकारियों ने भी उन्हें जन आकांक्षाओं के अनुरूप ही कार्य करने की बात कही। इस दौरान बैठक में पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल के अलावा विधायक राजेश मूणत, राजेश शर्मा, विकास तिवारी, विमल बाफना व जवाहर जैन सहित रेलवे बोर्ड के अधिकारीगण भी शामिल थे।

### गरियाबंद में कांग्रेस...

लखमा को जेल भिजवा दिया और दीपक बैज के घर की रेकी करवाई जा रही है।

**जनता के हक की लड़ाई जारी रहेगी**-कांग्रेस नेताओं ने इसे बस्तर की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए कहा कि वे ऐसी कार्रवाइयों से डरने वाले नहीं हैं और जनता के हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा। संजय नेताम, प्रेम सोनवानी, सन्नी मेमन, राजेश साहू, बीरु यादव, मुकेश राम टेके, मुकेश पांडेय, छगन यादव, रमन कुकरेजा, नादिर कुरैशी, योगेश बघेल, जुनैद खान, वरुण ध्रुव, राहुल नीलमलकार, यसु कवर, लक्ष्मी कवर, प्रयाल्द यादव, पिंटू यादव, सीता राम यादव, वीरेंद्र ध्रुव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**विकास : विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीण को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ**

# गुजर रही थी झोपड़ी में जिंदगी, अब पक्का मकान का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक इंसान का सबसे बड़ा सपना उनका खुद का मकान निर्माण करना होता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के महत्वपूर्ण योजना पीएम जनमन योजना के तहत विष्णुदेव सरकार के सुशासन में गांव -गांव इन दिनो पक्के मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है। दूरस्थ आदिवासी वनांचल अंतिम छोर के गांवों की एक अलग जीवन शैली होती है। दूर -दूर घर होते हैं पर घर में गाय, बकरी हरे भरे पौधे छोटी सी बाड़िया होती है जहां पसंद की साग सब्जी उगाई जाती है। आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा सरकार के सुशासन में गरीब परिवारों के पक्के मकानों का सपना साकार हो रहा है और इससे दूरस्थ वनांचल में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों को ज्यादा लाभ मिल रहा है। एक ऐसी मामला तहसील मुख्यालय मैनपुर से 16 किलो मीटर दूर




बिहड़ जंगल में बसा ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम कठवा की है जहां विशेष पिछड़ी जनजाति ग्रामीण को पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। ग्राम कठवा में निवास करने वाले अनिता सोरी पति मोहन सोरी ने बताया कि उन्हे प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत हुआ जिसमें उन्होने खुबसूरत पक्का मकान बनाया है। उन्होने बताया हालंकि उनके मकान निर्माण की अंतिम किश्त उन्हे अभी नहीं मिला है लेकिन उनका पक्का आवास का सपना पूरा हो गया है और पूरे कठवा गांव में उसके घर की रौनकता देखने लायक है।

#### पक्का मकान बन जाने से सुकुन की जिंदगी जी रहे

ग्रामीण अनिता सोरी और मोहन सोरी ने बताया की पहले में कच्चा झोपड़ी में निवास करने मजबूर हो रहे थे जहां हमेंशा जहरीले सर्प जीव- जंतुओं का डर बना रहता था और बारिश के दिनों में भारी परेशानी होती थी। उन्होने बताया अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका स्वयं का छत वाला पक्का मकान बन जाने से काफी सुकुन की जिंदगी जी रहे है और घर सामने भी उन्होने स्वयं के खर्च फ्लोरिंग किया है तथा छोटी सी बाड़ी में साग सब्जी की खेती करते है। उन्होने कहा की अब बारिश के दिनो में उन्हे किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हो रही है साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के प्रति उन्होने आभार व्यक्त किया है।


#### पक्का मकान बनाने का सपना हो रहा साकार

ज्ञात हो कि जनमन पीएम योजना के तहत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीणों को पक्का मकान बनाने का सपना आसानी से साकार हो रहा है और करोड़ों रुपए की राशि सरकार द्वारा जारी किया गया है हालंकि कई स्थानो पर निर्माण कार्य धीमा चल रहा है जिसमें मॉनीटरिंग की जरूरत है लेकिन कई ग्रामीणों के सपने पक्के आवास के निर्माण के साथ पूरा भी हो चुका है।



## शादी समारोह में सीएम का हुआ शानदार स्वागत

**नवापारा-राजिम।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के भाजपा नेता किशोर देवांगन परिवार के शादी समारोह में सीएम विष्णुदेव साय पहुंचे। श्री देवांगन और उनकी धर्मपत्नी शिल्पा देवांगन ने सीएम का बुके भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।




**नवापारा-राजिम।** नवापारा ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा ने प्रयागराज पहुंचकर पवित्र गंगा में सपरिवार स्नान किया।

## जनपद अध्यक्ष चुनाव 4 को, पंचायतों में उपसरपंच चुनाव 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- सरपंच, जनपद सदस्य को प्रमाण पत्र वितरित

पंचायती राज चुनाव में सरपंच और जनपद सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र का वितरण चुनाव अधिकारी रमेश मेहता, सहायक चुनाव अधिकारी सतीश चन्द्रवंशी ने किया। साथ ही साथ ग्राम पंचायत में प्रथम सम्मेलन 3 मार्च को, जनपद पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को एवं ग्राम पंचायत में उपसरपंच का चुनाव 8 मार्च को किया जाएगा। ग्राम पंचायत के सभी 74 सरपंच गण है। चन्द्रहास बरिहा सोरिद, गोवर्धन दीवान अकलवारा, हेमलाल नेताम रानीपरतेवा, गोदावरी शारदा दीवान मुड़ागांव, राधेश्याम दीवान नवापारा भ, थनेश्वर कुमार ध्रुव साजापाली, अशोक कुमार गोंड़ मड़ेली, पुसउ राम ध्रुव अमलोर, बहुरसिंग दीवान जामली, चम्पेश्वर राम ध्रुव पाट सिवनी, डिगेश्वरी घनश्याम ठाकुर परसदा खुर्द, उगेश कुमार कमार पिपर हट्टा, भोज कुमारी नागेश बोडरा बांधा, लालता नागेश चरोदा, सुमन पुरूषोत्तम मरकाम पटपर पाली, चैतन राम ठाकुर बिरनी बाहरा, धनेश्वरी नवापारा को, कुमारी बाई मरकाम पिपराही, इन्देश्वरी कंवर सारागांव, यशवंत कुमार गोंड़लोहझर, गोमती ध्रुव हरदी, डेमेश्वर दीवान खेरझिटी, बहुरसिंह दीवान करकरा जगबाई गंगाराम ध्रुव खड़मा, लता भुपेन्द्र ध्रुव पक्तियां, दीपक कुमार ध्रुव मुरमुरा, संतोष कंवर फुलझर, केजा बाई सोम



अतरमरा, इंद्रा बाई कंवर कुरूद, कीर्तिलता दीवान सरकड़ा, भानु ध्रुव पांडुका, तेजकुंवर कंडरा रजनकटा, गणेशी कंवर कुटेना, तुलसी ध्रुव कुकदा, कौशिल्या कंवर पोड़, करण कुमार ध्रुव गाय डबरी, नीरा ध्रुव पिपरछेड़ी, योगश कुमार ध्रुव कनेसर, अशोक कुमार ध्रुव मड़ेली, लता बाई खरखरा, अजय कमार ठाकुर पेंड्रा, गंगा बाई गोड़ सिवनी,



राजकुमारी ध्रुव टेंगना बासा, ललिता कंवर सेमहरा, शशिप्रभा दुल्ला, कमलेश कुमार ठाकुर कोसमी, द्रुपती मरकाम चुरकीदादर, भोजराज नागेश कनसिघि, विश्व प्रताप ध्रुव कोठिगाव, यमुना मरकाम भरवां मुड़ा, गोमती बिगेन्द्र सोरी पंडरी पानी गोड़, रविसिंह मरकाम मेड़किड़बरी, हेमलता ध्रुव दादर गांव नया, रूपादेवी ठाकुर रसेला, लता नागेश मुढीपानी, तुलेश्वर सोरी कुडेरा दादर, बिज्जू (विजयकृष्ण) रूवाड, पन्नालाल ध्रुव द्वारतरा, चेमीन दीवान करचाली, तोरण बाई देवरी, माखन दीवान कसेकेरा, निर्मला ताराचंद बिंझवार अमेठी मनीराम नागवंशी मोंगरा, दुवासु राम ठाकुर दादर गांव पुराना, किरण ठाकुर कोसमबुडा, रूपउ ध्रुव जरगांव, छत्तेश्वरी ध्रुव सांकरा, कमलेश बाई ध्रुव गाडा घाट, पार्वती कंवर घटकर्रा, भुपेन्द कुमार ध्रुव तोरेगा, देव कुमार दीवान बोडरा बांधा, पुलेश्वरी ध्रुव भैसा मुड़ा, सरिता बाई टोनही डबरी, चन्द्रिका नेताम केवटी झर है।

## देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोंच का प्रसार आवश्यक

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रलय के तत्वाधान में प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम मनाया जाता है।देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोंच का प्रसार आवश्यक है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। उन्होंने



कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य देश में विज्ञान की निरंतर उन्नति को बनाए रखना है तथा विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोंच पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरें, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं का सम्मान ही भाजपा की पहचान हैः रामाधार

**छुईहा बेलर।** कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। इसलिए वे सदैव सम्मान के पात्र होते हैं। खासकर वैसे कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी को अपने परिश्रम के बल पर सींच कर इतना बड़ा रूप दिया है। अपना स्वर्णिम समय पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को दिए हैं।कार्यकर्ता की सम्मान ही भाजपा की पहचान है।उक्त विचार जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 1 से नंदनी कोमल ढीढी की विजयश्री दिलाने पर भाजपा के वरिष्ठ एंव कार्यकर्ता को धन्यवाद अभार व्यक्त किया। कहा कि भाजपा हर वर्ग के कार्यकर्ता का मान-सम्मान करती है। इसी कारण से भाजपा कार्यकर्ता अपने नियम कानून पर पक्का रहता है। उन्होंने आगे कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे लोगों के परिश्रम आशिर्वाद का ही परिणाम



है, कि आज भाजपा का स्वरूप इतना बड़ा हुआ है। वहीं 80 की दशक से अटल बिहारी वाजपेयी से नरेंद्र मोदी युग तक बीजेपी ने संघर्ष में तमाम तरह के उतार चढ़ाव से गुजरते हुए शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। एक चाय बेचने वाले एक प्रधानमंत्री तो एक महापौर ऐसे और भी उदाहरण है। रामाधार साहू ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढी की इंगित करते इशारे इशारे मे कहा अब गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष मे एक गरीब भाजपा कार्यकर्ता परिवार पर शीर्ष भाजपा नेतृत्व एक और पहचान की छाप देगें ऐसी आस टकटकी लगाये है। साहू ने कहा की यह भाजपा मे ही सम्भव है कि चाय वाले प्रधानमंत्री बने है, तो छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी ने रायगढ़ से चाय बेचने वाले जीवर्धन चौहान को महापौर पद भाजपा कार्यकर्ता की कडी मेहनत उस पद पर आसिन कराने मे सफल हूये। भाजपा में ज्यादातर युवा और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है।समर्पित और जमीन से जुड़े नंदनी कोमल भाजपा कार्यकर्ताओं को बड़ा मौका कभी भी मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि हाल मे गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष बनाये जाने है।



## सीएम से नपा अध्यक्ष ने लिया आशीर्वाद

**राजिम।** नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव ने सीएम विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**फणिकेश्वर नाथ कॉलेज में मनाया गया विज्ञान दिवस**

# छात्र-छात्राओं को रमन प्रभाव की खोज के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 मनाया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज को समर्पित है।इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी 1928 में की थी। इसी खोज के लिए उन्हें सन 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से भी नवाजा गया था। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष 2025 का थीम रखा गया था-विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। इस उद्देश्य से एवं



विज्ञान को करियर के रूप में अपनाने के लिए फनीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में साइंस व इको क्लब प्रभारी डॉक्टर अलका कौशिक एवं विज्ञान विभागाध्यक्ष रितेश गोलछा के निर्देशन में तीन दिवसीय विज्ञान दिवस मनाया गया।

#### निबंध प्रतियोगिता में रेणुका प्रथम

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या श्वेता मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाए जाने के मूल उद्देश्यों से अवगत कराया तथा नवाचार और बौद्धिक संपदा में भारत




की वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रितेश गोलछा द्वारा भौतिक विज्ञानी सर सी वी रमन की जीवनी एवं उनके द्वारा की गई रमन प्रभाव की खोज के संबंध में छात्र -छात्राओं को विस्तार से बताया गया। महाविद्यालय की वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. अलका कौशिक ने छात्र -छात्राओं को विज्ञान व रिसर्च के महत्व को बताते हुए रिसर्च के लिये आगे आने के लिए प्रेरित किया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक गण उर्वशी चंद्राकर, अंजली देवांगन, देवेन्द्र पटेल तथा सतप्रीत सिंह गुरुदत्ता मौजूद रहे तथा सभी ने विज्ञान के महत्व एवं उनके क्षेत्रों के संबंध में छात्र- छात्रओं का ज्ञानवर्धन किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें क्विज प्रतियोगिता के विजेता डॉ. कलाम टीम के तामेश्वर साहू, मिथलेश धुर्रव, हुलास निषाद, देवेंद्र कुमार व केवल निषाद रहे। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी रेणुका ध्रुव विजेता रही, पोस्टर मेकिंग में कुमारी काजल बघेल एवं रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी राधिका एवं ओमकुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्राणिशास्त्र की सहायक प्राध्यापक उर्वशी चंद्राकर ने किया।

## एक माह से धान का परिवहन ठप, समिति प्रबंधक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बंद हुए एक माह हो गया है। लेकिन विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव समय पर नहीं होने के चलते सोसायटियों में रखे धान में सूखत आना शुरू हो गया है। जिससे समिति को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। समिति के अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के अनुसार यदि धान को संग्रहण केन्द्र तक जल्दी नहीं भेजा गया तो चुहे और आवारा पशुओं और सूखत आदि अनेक कारणों से हो रहे नुकसान के बाद समितियां कंगाल हो जाएगा। विदित हो कि रसेला धान उपार्जन केन्द्र में 21 हजार क्विंटल धान आज भी खुले मैदान में पड़ा हुआ है इसी तरह कनसिघी धान खरीदी केंद्र में लगभग 16 हजार क्विंटल धान का स्टाक रखा हुआ है। उपार्जन केन्द्रों में रखे धान के



स्टाक की बोरियों को चूहों के द्वारा कुतरा जा रहा है, जिससे धान खराब हो रहें हैं। वहीं धान में 3 से 4 किलो सूखत आने के चलते भी समिति प्रबंधन अत्यधिक चिंतित हैं। यदि शीघ्र ही धान परिवहन में तेजी नहीं लाई गई तो समितियों को अत्यधिक नुकसान होने से कोई रोक नहीं सकता। परिवहन में देरी होने के कारण बारिश- तूफान आदि प्राकृतिक आपदा के खरीदी केन्द्रों में रखे धान की गुणवत्ता कुछ खराब हो रहें हैं। बोरे को बार-बार पल्टी करने आदि में समितियों को अतिरिक्त मजदूरी भी देनी पड़ रही है। परंतु विपणन संघ ने परिवहन विलंब के संबंधी अपने लापरवाही पर परदा डालते हुए नुकसान की भरपाई की जिम्मेदारी समितियों पर थोप दी जाती है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि समिति पर केवल खरीदी की जिम्मेदारी होती है और नियमानुसार खरीदी की गई धान की परिवहन विपणन संघ की होती है। समिति कर्मचारियों ने बताया कि आज तक वर्ष 23 -24 की धान खरीदी की कमीशन राशि अब तक नहीं मिला है। जिससे कई समितियों के कर्मचारियों को 8 व 9 माह से पगार नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति से गुजर रहे हैं और कार्य को छोड़ रहे हैं यानी मार्कफेड की लापरवाही की सजा समितियों को भोगनी पड रही है।



# ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा

बधाई

आभार

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्रीमती किरण भोगेन्द्र ठाकुर

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक आभार!



श्रीमती किरण ठाकुर
(सरपंच- ग्रा.पं. कोसमबुड़ा)

**पंचगण**

जुगरीबाई, सुषमाबाई प्रधान, भुवन सिंग ध्रुव, लछनुराम, प्रेमलाल,
रमेश कुमार गोड़, घसनीन यादव, देवलाल यादव, बिरन नागेश, रामायण बाई ठाकुर



भोगेन्द्र ठाकुर
(पूर्व सरपंच)

# ग्राम पंचायत बोड़राबांधा- ब

आभार

बधाई

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्रीमती भोजकुमारी नागेश

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक आभार!



श्रीमती भोजकुमारी नागेश
(सरपंच- ग्रा.पं. बोड़राबांधा-ब)

**पंचगण**

अनिताबाई ठाकुर, देवशरण जगत, अनुसुइया नागेश, यादबाई पटेल, नरेश कुमार निषाद
श्यामबाई ठाकुर, सगनाबाई ठाकुर, बसंती ठाकुर, जानकी बाई, सेवाराम गोड़



खेलन सिंह ठाकुर
(सरपंच प्रतिनिधि)

# ग्राम पंचायत हरदी

बधाई

आभार!

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्रीमती गोमती संतूराम ध्रुव

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक आभार!



श्रीमती गोमती ध्रुव
(नवनिर्वाचित सरपंच ग्रा.पं.- हरदी)

**पंचगण**

पूर्णिमा साहू, महेश्वरी दीवान, दुलारी बाई कंवर, रूपनाथ बंजारे, लताबाई कंवर, सावित्री बाई, नारायण,
शैलबाई कंवर, शत्रुघन कंवर, कुशलीबाई बघेल, जयराम साहू, रमण जगत, बिसाहीन बाई, नूतन साहू



संतूराम ध्रुव
(पूर्व सरपंच)

# ग्राम पंचायत जरगांव

आभार

बधाई

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्री रूपऊ ध्रुव

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक आभार!



श्री रूपऊ ध्रुव
(नवनिर्वाचित सरपंच ग्रा.पं.- जरगांव)

**पंचगण**

हीरा सिंग, सोनिका टाण्डे, निर्मला बाई ध्रुव, पायल बाई, मीरा ध्रुव, फुलकुंवर कमार, घासीन बाई
भरतलाल लोहार, हरिराम साहू, दौलतराम ध्रुव, परमिला बाई कमार, टिकेन्द्र कुमार साहू, छन्नुराम ठाकुर
जरगांव, रवेली, पंडरीपानी।

प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

## खबर संक्षेप

### मां-बेटे से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बड़ेडाभा के युवक व उसकी मां के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को विजयलाल बारिक निवासी ग्राम बड़ेडाभा ने बताया कि 27 फरवरी की रात को वह अपनी मां के साथ पुराना घर से ग्राम बड़ेडाभा से छोटेपटनी जाने का मार्ग पर स्थिति निर्माणाधीन मकान रात में रखवाली करने के लिए आ रहा था। रात करीब 9 बजे निर्माणाधीन मकान के पास गांव के नीलांबर बारीक उर्फ पकलू आकर बोला कि तुम लोगों ने अपनी लड़की की शादी पिंटू कोसरिया के साथ क्यों कर दी। ऐसा कहकर वह गाली गलौज करते हुए लोहे का चाकूनुमा वस्तु से वार कर दिया। जिससे बांये हाथ की हथेली, सीने में व बांये पैर में चोट लगी है। इस दौरान मां लछन बारीक बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### प्रतिबंध हार्न पर 33 सौ का जुर्माना



**सरायपाली।** दुपहिया वाहनों को मॉडिफाइड कर तेज आवाज के साथ सड़कों पर दौड़ाने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं है। इस प्रकार के वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी अमित शुक्ला द्वारा एक बुलेट वाहन पर कार्रवाई करते हुए 3300 का चालान काटा गया है। वहीं थाना प्रभारी शुक्ला ने समस्त शहरवासियों व क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि वे सड़कों पर इस तरह से किसी भी वाहनों को ना चलाएं, जिससे आमजनों को किसी प्रकार की परेशानी हो। विशेष रूप से वहां के साइलेंसर को मॉडिफाइड कर तेज आवाज के साथ बाइक चालकों को उन्होंने विशेष चेतावनी देते हुए इस प्रकार के वाहन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

अभियान : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नपं अध्यक्ष व पार्षद ने खाई दवा कहा- इससे कोई नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन लूकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा एवं गरिमा ध्रुव पार्षद वार्ड नंबर 14 नगर पंचायत छूरा के द्वारा स्वयं दवा खाकर सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कहा की इससे कोई नुकसान नहीं होता। यह कार्यक्रम दिनांक 27 फरवरी 2025 से 13 मार्च 2025 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गरियाबंद अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के निर्देशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड छुरा डॉक्टर डी एस निषाद के मार्गदर्शन में होगा।

दवा सेवन कार्यक्रम में 27 फरवरी से 2 मार्च तक स्कूल आंगनबाड़ी कॉलेज एवं स्वास्थ्य संस्था में बूथ लगाकर एवं 3 से 10 मार्च तक घर–घर भ्रमण कर दवा



प्रशासक (मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) के समक्ष दवा सेवन कराया जाएगा। 11 से 13 मार्च तक माप अप राउंड चलाया जाएगा जिसमें पूर्व में दवा खाने से छूटे हुए व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को छोड़कर के सभी को दवा खिलाया जाएगा। फाइलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से होता है एक बार इसके परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में चला जाए तो उनको लक्षण दिखने में 5 से 15 वर्ष लग जाता है। एक बार फाइलेरिया के होने के पश्चात उसका कोई इलाज नहीं है। इसका केवल एक ही इलाज है एक साथ एमडीए का दवा सेवन करना। विकासखंड छुरा के समस्त व्यक्तियों से अपील है की दवा सेवन कर विकासखंड को फाइलेरिया मुक्त करने में अपनी सहभागिता जरूर देवें।



### फाइलेरिया हाथी पांव एवं कृमि मुक्ति की खिलाई दवा

**राजिम।** भारत शासन स्वास्थ्य विभाग एवं छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी फिंगेश्वर डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया खंड प्रशिक्षक योगेश पराना बीपीएम सौरव वरमानी के कुशल मार्गदर्शन में सामुहिक दवाई सेवन फाइलेरिया हाथी पांव एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 27 फरवरी से 13 मार्च तक किया गया है। प्रथम चरण में स्कूल आंगनबाड़ी, कालेज में 27 फरवरी से 3 मार्च तक बुधवार स्वयं सेवक मितानिन द्वारा दवा खिलाया जाएगा। इसी कड़ी में 27 फरवरी को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी सकुंल केंद्र लोहरसी में निवर्तमान सरपंच मोहनलाल साहू एवं शिक्षकों के उपस्थिति में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संतोष वर्मा एवं मितानिन सविता ध्रुव,टोमेश्वरी साहू,सुनीता ध्रुव,ताराबाई साहू द्वारा 87 बच्चों को एवरमेटिन, डीईसी,एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाया गया। इससे पूर्व सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों के सामने दवाई सेवन कर प्रेरित किया गया। प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुवे्रदी द्वारा बच्चों को प्रेरित करते कहा कि आप लोग बेझिझक होकर गोली खाएं किसी प्रकार की डरने घबराने की आवश्यकता नही है।

# अवनीश पात्र का केन्द्रीय मंत्री ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के तकनीकी मार्गदर्शन में कृषि कार्य कर रहे देवभोग विकासखण्ड के ग्राम चिचिया के प्रगतिशील कृषक अवनीश पात्र को 22 से 24 फरवरी को नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित पूसा कृषि विज्ञान मेला में नवोन्मेषी किसान (इनोवेटिव फार्मर) के रूप में सम्मानित किया गया है। इस पुरूस्कार से देश के 34 कृषकों को सम्मानित किया गया। जिसमें से श्री पात्र छत्तीसगढ़ के एक मात्र कृषक है, जिन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। श्री पात्र ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करके पान की खेती शुरूआत की। पूर्व में शेड नेट में पान उत्पादन का कार्य किया एवं बाद में उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों के साथ मिलकर पान उत्पादन के लिए आवश्यक नमी तथा तापक्रम का अवलोकन कर, पान की खेती को आम के बगीचें की छाया में करना प्रारम्भ किया। जिससे उन्होंने विगत 1–2 वर्षों से लगातार पान का व्यावसायिक उत्पादन आम बगीचों से प्राप्त कर रहे है। जिससे उन्हें पान की फसल शेड नेट बनाने की लागत में कमी आई तथा प्रबंधन लागत भी कम हुई। उनके इन्हीं उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया तथा नवोन्मेषी किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# जरगांव के सरपंच बने रूपउ राम ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत जरगांव के सरपंच पद के लिए रूपउ राम ध्रुव ने लगभग 206 मतों से विजय हुई है। उन्होंने चर्चा में कहां की आज से 15 वर्ष पूर्व भी सरपंच रहे है, उन्होंने जरगांव, रवेली एवं पंडरीपानी के सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है और जीत की बधाई दी है।

# विष्णुदेव के सुशासन से प्रदेश में तेजी से हो रहा विकास : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भाजपा मंडल मैनपुर के अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया है और इसे संवारने का कार्य विष्णुदेव सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय का सुशासन इस पर छत्तीसगढ़ की जनता से जनादेश दिया है। जनादेश देने के लगभग सवा साल के भीतर ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन का सूर्वोदय पूर्ण रूप से होने लगा है। गरीब, महिला, युवा, बुजुर्ग, मजदूर सभी वर्गों के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से लोगों के समाजिक आर्थिक स्तर में परिवर्तन दिखाई दे रहे है यह भाजपा की योजना का लाभ है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने किया आईएसबीएम यूनिवर्सिटी का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के कक्षा एकादश विज्ञान संकाय के बच्चों को विज्ञान प्रायोगिक की जानकारी के लिए आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ले जाया गया। जिसमें बच्चों को रसायन विज्ञान, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान के बारे में बेसिक जानकारी सीखने को मिली। विज्ञान प्रदर्शनी का दौरा एक ऐसा अनुभव है, जहां आप वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न इंटरैक्टिव प्रदर्शनों और परियोजनाओं का पता लगा सकते हैं, जिन्हें अक्सर छात्रों या शोधकर्ताओं द्वारा बनाया जाता है,




जिसका उद्देश्य जिज्ञासा जगाना, वैज्ञानिक प्रगति के बारे में शिक्षित करना और आपके आसपास की दुनिया की गहरी समझ को प्रोत्साहित करना है, यह प्रत्यक्ष रूप से यह देखने का मौका है कि कैसे विज्ञान को विभिन्न क्षेत्रों में, जीव विज्ञान और भौतिकी से लेकर प्रौद्योगिकी और स्थिरता तक, व्यावहारिक प्रदर्शनों और स्पष्टीकरण के माध्यम से लागू किया जा सकता है।

# नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार व विधि जागरूकता शिविर




**गरियाबंद।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के मार्गदर्शन पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर के निर्देशानुसार, दिनांक 8 मार्च को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त दिनांक को लोक अदालत में राजीनामा योग्य सभी सिविल मामले, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस से संबंधित मामले, घरेलू हिंसाओं एवं पारिवारिक विवादों से संबंधित मामले, बैंक रिकवरी से संबंधित मामले, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, रखे गए हैं, उक्त लोक अदालत की सफल आयोजन के लिए गरियाबंद में 3 वर्ष में एक बार होने वाले मेले में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, उक्त विधिक साक्षरता शिविर में अधिक प्रकरणों में राजीनामा के लिए पक्षकारों को प्रेरित करने के लिए आवश्यक पोस्टर चश्मा किया गया तथा पंपलेट वितरण किया गया। उक्त लोक अदालत में लगभग 3500 के आसपास pre-लीटिगेशन से संबंधित मामले रखे गए हैं, लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों की निराकरण होने की संभावना है। लोक अदालत की सफल आयोजन के लिए पक्षकारों को प्री सिटिंग के लिए नोटिस पूर्व में जारी किया गया है ताकि लोक अदालत का सफल आयोजन किया जा सके। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में यशवंत वासनीकर विशेष न्यायाधीश गरियाबंद, तजेश्वरी देवी देवांगन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अनीता ध्रुव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद एवं प्रशांत कुमार देवांगन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड उपस्थित थे। उक्त शिविर के सफल आयोजन में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डिप्टी कलेक्टर अवंती गुप्ता, लीड बैंक के मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, नगर पालिका विभाग के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, तथा अन्य विभाग के अधिकारीगण का पूर्णता सहयोग रहा है। उक्त शिविर में दिनांक 28 फरवरी से 1 मार्च के मध्य गरियाबंद में आयोजित होने मड़ई/मेला में मुनादी कराने एवं विधिक साक्षरता के प्रचार एवं प्रसार के लिए स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल में पैरालिगल वालंटियर द्वारा पंपलेट वितरण किया जा रहा है तथा लोगों को विधिक साक्षरता की जानकारी दी जा रही है तथा आगामी लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



# 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय हाई स्कूल बरगांव में कक्षा दसवीं, आठवी एवं पांचवी के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन यादव, ओम प्रकाश सेन, देव कुमार ध्रुव, बसंती बाई, हिलन बाई, गीतांजलि बाई, ममता बाई, आस मोतीन बाई, तुलसी बाई प्रमुख रूप से शामिल हुए। विदाई कार्यक्रम में कक्षा सातवीं एवं नवमी के विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य का कार्यक्रम रखा गया था सभी दसवीं आठवीं एवं पांचवी के विद्यार्थियों को पेन एवं पानी बॉटल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक पंचूराम यादव, पूरन सूर्यवंशी , नरेश नागेश, सावित्री सोरी, सहित पालक समुदाय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन थवीरो नागेश और सचिन दुर्गा कक्षा नवमी ने किया।

# जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू का चैतरा में हुआ भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- श्रीरामचरित मानस महायज्ञ यज्ञ में शामिल हुए

चैतरा में आयोजित श्रीरामचरित मानस महायज्ञ में अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, का भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर वे भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर पूरे क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य रूखमणी-खेमराज सिन्हा, ग्राम पंचायत चैतरा के नवनिर्वाचित सरपंच गनेशिया-रवि साहू, रामाधार साहू, ओमप्रकाश गोवर्धन साहू , श्री राम साहू, मुन्ना साहू ,भीखम साहू, रमेश साहू, लीला साहू, विजय साहू, हरिलाल, ताराचंद, गिरिजाशंकर , हेमंत, रोशन, प्रदीप, नरेन्द्र, धनिराम, तिजु, हरदेव, ज्ञानचंद, भुलेशू, गोविंद साहू, जागेश्वर साहू, पन्ना खुंटे , अनिल साहू, केंवरा साहू, छैला यादव, राजेश साहू, बिंदू सातनमी, भुनेश्वरी साहू, टंकेश्वर साहू, वासुदेव यादव , राजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

श्रीराम जानकी मानस मंदिर में पूर्णाहूति के साथ हुआ कथा का समापन

# सेवा, समर्पण, अनुशासन सिखाती है स्काउटिंग: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पर श्री राम जानकी मानस मंदिर में पूर्णाहूति के साथ कथा का समापन हुआ। यज्ञ, हवन उपरांत मां शीतला मंदिर प्रांगण पर भंडारा का आयोजन किया गया था। भंडारा में प्रसादी ग्रहण करने के लिए देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के स्काउट्स द्वारा सेवा कार्य किया गया। सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं स्काउट मास्टर केआर सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग सेवा, समर्पण और अनुशासन सिखाता है। स्काउटिंग में प्रवेश लेने के बाद



विभिन्न भलाई के कार्य, सेवा कार्य करते हुए स्काउट-गाइड दक्षता पदक प्राप्त करता है जिसके माध्यम से प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान की परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य पुरस्कार के लिए पात्र होता है। प्रधानपाठक एनआर ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक एमआर देवांगन के मार्गदर्शन एवं स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में स्काउट लूसेन कुर्रे, मोहन ध्रुव, सोनसाय ओटी, हिमांशु, देवेन्द्र द्वारा स्वस्फूर्त सहयोग प्रदान किया गया।

### स्काउटिंग की बुनियाद निःस्वार्थ भाव से सेवा करना है

स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग की बुनियाद निःस्वार्थ भाव से सेवा करना है। स्काउटिंग अभाव में जीवन जीने की कला सिखाता है। हर परिस्थिति में सेवा के लिए तत्पर रहता है। समुदायिक सहभागिता से ज़िम्मेदार नागरिक बनाना, नेतृत्व क्षमता का विकास करना स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य है। प्राचार्य एनसी साहू, केके साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद स्काउट मास्टर केआर सिन्हा, सीआर सिन्हा, बीएल तारक, एसआर निषाद, अध्यक्ष संतराम साहू, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, तरुण कुमार साहू, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा सेवा में लगे सभी स्काउट को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

